प्रेस विज्ञप्ति/ प्रकाशनार्थ

26 अगस्त, 2020 गोरखपुर । भारत सरकार के पूर्व वित मंत्री व प्रखर वक्ता श्रद्देय स्व. अरुण जेटली जी के पुण्यतिथि पर गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक में नव भारत निर्माण ट्रस्ट,गोरखपुर के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने कहा आज राधा अष्टमी का पावन पर्व, महान समाज सेवी मदर टेरेसा तथा महर्षि दधीचि का जयंती भी है । महर्षि दधीचि ने विश्व कल्याण हेतु अपने हड्डियों को दान में देकर देवताओ की रक्षा की थी, ठीक उसी प्रकार स्वरक्तदाताओ ने रक्त दान कर जनकल्याण में अपनी अहम् भूमिका का जो अविस्मर्णीय निर्वहन किया है वह अनुकरणीय एवं वंदनीय है। डॉ.अग्रवाल ने युवाओ से रक्तदान के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए नियमित रक्तदान कर मानव सेवा के लिए अपना अनूठा योगदान देने की अपील की। वहीं इस अवसर पर गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा जटाशंकर के श्री जगनैन सिंह (नीटू) ने अपना 62वाँ रक्तदान किया । इसी के साथ रक्तदान शिविर में श्री विक्रमादित्य, श्री आकाश कुमार, श्री अजय चौधरी, कु. संजना पाण्डेय आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. ममता ने सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र , की चैन आदि दिया । वैश्विक महामारी कोविड को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस, हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि के साथ रक्तदाताओ का चिकित्सीय परिक्षण, हीमोग्लोबिन, बी.पी. पल्स, ब्लड ग्रुप इत्यादि जाँच की गई। रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक की कॉउंसलर श्रीमती शोभा राय,मुख्य तकनीशियन श्री अमित मिश्रा, श्री राजीव तिवारी, श्री चंद्रेश्वर यादव तथा प्रतिभा सहित कार्यक्रम में चिकित्सालय के अधिकारी, चिकित्सक, नगर के प्रबुद्ध नागरिक एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

जीवन
PARIS

PUSH
RUN